**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**

**07.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा भारत।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा–हस्तशिल्प व हथकरघा व्यवसाय से जुड़े लोगों के उत्पादों को बिक्री का मंच प्रदान कर रही राज्य सरकार।
- प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संधावालिया ने प्रदेश के जिला सैनिक बोर्डों में स्थापित विधिक सेवा क्लिनिकों का किया शुभारंभ।
- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में दस से 15 अगस्त तक चलाएगी हर घर तिरंगा यात्रा अभियान।
- प्रदेश के कई भागों में बारिश का दौर थमने से लोगों को मिली राहत–मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में 6 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट किया जारी।

**प्रधानमंत्री– शताब्दी सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का मानना है कि राष्ट्र की प्रगति का आधार किसानों की शक्ति है और भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता के माध्यम से छोटे किसानों को सशक्त बनाया है जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को खेती से संबंधित जोखिमों से सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि सहकारिता और स्वयं सहायता समूहों को दी जा रही वित्तीय मदद से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हथकरघा क्षेत्र को देश भर में एक नई पहचान और मजबूती मिली है।

**हर्षवर्धन चौहान**

देश भर में आज भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को संरक्षित करने के लिए 11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया। सात अगस्त 1905 को शुरू हुए ऐतिहासिक स्वदेशी आंदोलन की भावना को आगे बढाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आज शिमला के गेयटी थिएटर में हस्त शिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी व बिक्री और परिधानिका फैशन शो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में हस्त शिल्प और हथकरघा के कार्यों से जुड़े लोगों के उत्पादों को बिक्री के लिए मंच प्रदान कर रही है ताकि इस कार्य से जुड़े लोगों को प्रोत्साहन मिले।

–बाईट––हर्षवर्धन चौहान––

उधर बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला से बड़ी संख्या में लोग हथकरघा व्यवसाय से जुड़े हैं और यहां की बुनाई की पारंपरिक शैली को देश सहित विदेशों में भी सराहना मिली है।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना जिले में हाल ही में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए पंडोगा पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल का जायज़ा लिया और मरम्मत कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल के मरम्मत कार्य को त्वरित गति और उच्च गुणवत्ता के साथ युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह पुल क्षेत्र की प्रमुख जीवनरेखा है।

**नालसा योजना**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत प्राधिकरण ने प्रदेश के सभी जिला सैनिक बोर्डों में विविक सेवा क्लिनिक स्थापित किए हैं। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व राज्य विविक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायामूर्ति गुरूमीत सिंह संधावालिया ने आज इन क्लिनिकों का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने समावेशी न्यायाप्रणाली के महत्व को रेखाकिंत करते हुए कहा कि इस प्रणाली को रक्षा कर्मियों, उनकी विधवाओं और आश्रितों तक प्रभावी रूप से पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ये रक्षा कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनकें परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

**सिकंदर कुमार**

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि एन.एच.एम. के तहत हिमाचल प्रदेश में एक सौ 8 और एक सौ 2 एम्बुलेंस सेवाएं शुरू की गई हैं। राज्य सभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि एन.एच.एम. एम.आई.एस. के अनुसार 31 दिसम्बर 2024 तक एन.एच. एम. के तहत हिमाचल में कुल 25 एडवांस्ड लाइफ स्पोर्ट, एक सौ 73 बेसिक लाईफ स्पोर्ट और एक सौ 50 रोगी परिवहन वाहन संचालित किए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि पैरामैडिकल स्टॉफ की नियुक्ति या भर्ती मुख्य रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है।

**बिहारी लाल**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में दस से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाएगी। हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर आज शिमला स्थित पार्टी कार्यालय दीपकमल में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा और दस अगस्त को भाजपा संगठनात्मक एक सौ 71 मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी करेगी। उन्होंने बताया कि 12 व 13 अगस्त को हर विधानसभा क्षेत्र में शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में करीब साढ़े तीन सौ कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी पार्टी कार्यालयों व सार्वजिनक स्थानों

पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहराया जाएगा। इसके अलावा इस दिन पौधरोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में जहां बादल छाए रहे वहीं कुछ क्षेत्रों चटक धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली है। मौसम में सुधार के चलते पिछले दिनों हुई मॉनसून की भारी वर्षा से अस्त–व्यस्त जनजीवन को सामान्य बनाने के प्रयास जारी रहे। प्रदेश में भारी बारिश से हुई भूस्खलन जैसी घटनाओं से अभी तक प्रदेश में दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 4 सौ 52 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद हैं जबकि 8 सौ 61 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 44 पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। राज्य में वर्षा जनित घटनाओं में अब तक 2 सौ 2 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 37 लोग अभी भी लापता हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के शिमला, ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा भारत।
- उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा–हस्तशिल्प व हथकरघा व्यवसाय से जुड़े लोगों के उत्पादों को बिक्री का मंच प्रदान कर रही राज्य सरकार।
- प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संधावालिया ने प्रदेश के जिला सैनिक बोर्डों में स्थापित विधिक सेवा क्लिनिकों का किया शुभारंभ।
- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में दस से 15 अगस्त तक चलाएगी हर घर तिरंगा यात्रा अभियान।
- प्रदेश के कई भागों में बारिश का दौर थमने से लोगों को मिली राहत–मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में 6 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट किया जारी।

---

---